#LeadershipSummit आईआईएम में एर्गोड के फाउंडर और सीईओ रूपेश संघवी बोले

बिजनेस को फायदा पहुंचाएगा एआई, बशर्ते इसके उपयोग के लिए रहें तैयार

पत्रिका ZOOM रिपोर्टर
patrika.com

रायपुर . आईआईएम के मड़ई ऑडिटोरियम में दो दिनी 8वां लीडरशिप समिट बिजनेस ओनर्स थीम पर शुरू हुआ। इसमें सबने मिलकर नए जमाने में कैसे नेतृत्व करना है, इस पर बात की। चीफ गेस्ट एर्गोड के फाउंडर और सीईओ रूपेश संघवी ने कहा कि हमें अपने व्यवसाय में नए विचारों को अपनाने के लिए तैयार रहना चाहिए और जोखिम उठाने से नहीं डरना चाहिए।

लीडर्स को अपने टीम के सदस्यों को प्रेरित करना चाहिए और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करनी चाहिए। हमें अपने आप को सुधारने के लिए समय निकालना चाहिए और नई चीजें सीखनी चाहिए। आधुनिक व्यवसाय में एआई के महत्व के बारे में, उन्होंने कहा कि एआई व्यवसायों को अधिक प्रभावी और कुशल बनाने में मदद कर सकता है, लेकिन इसके लिए व्यवसायों को एआई को अपनाने और इसका उपयोग करने के लिए तैयार रहना होगा। विशिष्ट अतिथि कमोलिका गुप्ता ग्रुप वाइस प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर (पूर्व) सर्विसनाउ ने अवसरों को अपनाने और अनजाने रास्तों पर चलने पर चर्चा की।

लीडरशिप समिट को संबोधित करते रूपेश संघवी।

बिजनेस में ऐसे मदद करेगा एआई

- एआई से व्यवसाय अपने ग्राहकों की जरूरतों को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादों और सेवाओं को व्यक्तिगत बना सकते हैं।
- एआई से व्यवसाय अपने संचालन को स्वचालित कर सकते हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत होती है।
- एआई से व्यवसाय अपने निर्णयों को अधिक सूचित और डेटा-संचालित बना सकते हैं।

स्टार्टअप के लिए जरूरी है रणनीति व निर्णय लेने की क्षमता

कार्यक्रम को सुनने बड़ी संख्या में एंटरप्रेन्योर पहुंचे।

इधर, डीडीयू ऑडिटोरियम में आयोजित बिजनेसगढ़ 2.0 में, युवा उद्यमियों ने अपने अनुभव और ज्ञान साझा किए। आकाश अग्रवाल, सह-संस्थापक जोफ कंपनी ने कहा कि स्टार्टअप शुरू करने के लिए आत्मविश्वास और सही टीम का होना जरूरी है। सुनील चंद्रा साहा, सह-संस्थापक ब्लूटी ने बताया कि बाजार में नई कैटेगरी खड़े करने में काफी समस्या होती है, लेकिन सही रणनीति और टीम के साथ यह संभव है। सोनल बहिलानी, सह संस्थापक - रोका चॉकलेट ने बताया कि अच्छे बिजनेस या कंपनी के लिए कर्मचारियों का ध्यान रखना और उनके साथ सही संवाद करना जरूरी होता है। साहनी ब्रदर्स, संस्थापक - वी स्नैप यू ने बताया कि बिजनेस को बढ़ाने में टेक्नालाजी में भी इन्वेस्ट करना और सही समय पर सही निर्णय लेना जरूरी होता है। इन युवा उद्यमियों ने अपने अनुभवों के माध्यम से यह साबित किया है कि स्टार्टअप शुरू करने के लिए आत्मविश्वास, सही टीम, और तकनीक में निवेश करना जरूरी है, साथ ही साथ सही रणनीति और निर्णय लेने की क्षमता भी महत्वपूर्ण है।

patrika zoom city 01